आदेश

पुलिस आयुक्त, लखनऊ द्वारा उपलब्ध करायी गयी आख्या के आधार पर मुख्य आरक्षी ना0पु0/052492554 सुनील कुमार यादव को प्रशासनिक आधार पर कमि0 लखनऊ से जनपद श्रावस्ती तात्कालिक प्रभाव से स्थानान्तरित किया जाता है। यह आदेश पुलिस स्थापना बोर्ड के **कार्यवृत्त सूची संख्याःएएसपी–(ई–1)–(प्रशासनिक)–285/2026 दिनांक 17.04.2026** में लिये गये निर्णय के अनुसार जारी किया जा रहा है।

उक्त कर्मी को 10 दिवस के अन्दर (दिनांक 26.04.2026 तक) अवश्य कार्यमुक्त कर दिया जाये। विलम्ब से कार्यमुक्त करने के संबंध में मा0 न्यायालय द्वारा कोई विपरीत आदेश पारित किये जाते हैं तो आपके कार्यालय के समबन्धित अधिकारी/कर्मचारी के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।

DGP HQRS UP LKW
DG-JN-STHA-(285)/2026/347 DATE 17-04-2026

17/4/26
(राहुल मिश्रा)
अपर पुलिस अधीक्षक, स्थापना,
निमित्त पुलिस उप महानिरीक्षक, कार्मिक
उ0प्र0 लखनऊ।

मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

चतुर्थ तल,(द्वितीय टावर), पुलिस मुख्यालय, गोमतीनगर विस्तार, शहीद पथ, लखनऊ–226002

संख्याःडीजी–चार–स्था0–(285)/2026/347 **दिनांकःअप्रैल 17, 2026**

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. पुलिस आयुक्त, लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि कृपया उक्त कर्मी को निर्धारित तिथि के अन्दर स्थानांतरित स्थान हेतु कार्यमुक्त करते हुए प्रस्थान कराये जाने की तिथि से सर्वसम्बन्धित सहित इस मुख्यालय को अवगत कराने की कृपा करें। यदि कोई प्रशासनिक/नीतिगत बाधा हो तो तत्काल इस मुख्यालय को भी अवगत कराने की कृपा करें।
2. पुलिस अधीक्षक, जनपद श्रावस्ती को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि कृपया उक्त कर्मी के अपने जनपद में आगमन की सूचना से सर्वसम्बंधित सहित इस मुख्यालय को अवगत कराने का कष्ट करें। यदि कोई प्रशासनिक/नीतिगत बाधा हो तो तत्काल इस मुख्यालय को भी अवगत कराने का कष्ट करें।
3. अपर पुलिस महानिदेशक, गोरखपुर जोन, गोरखपुर/पुलिस उपमहानिरीक्षक, देवीपाटन परिक्षेत्र, गोण्डा को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश के पत्र संख्याःडीजी–चार–स्था0(निर्देश)/2017/900 दिनांक 22.06.2017 में **प्रशासनिक स्थानान्तरण शीर्षक** के अन्तर्गत निहित निर्देशानुसार उक्त कर्मी को जनपद में आगमन करने की तिथि से 02 वर्ष के पूर्व स्थानांतरित न किया जाए।

संख्या तथा दिनांक वही

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को कृपया सादर सूचनार्थ प्रेषितः–

1. पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0, लखनऊ।
2. पुलिस महानिरीक्षक, स्थापना, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0, लखनऊ।